# कक्षा : नवमीं विषय : हिन्दी
## (2013–14)

✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷✷

ध्यान दें – सभी प्रश्न के उत्तर करें।

लिखावट साफ़ – स्वच्छ लिखें।

उत्तर को सही क्रम में लिखें।

प्रश्न 1 'परा' और 'अप' उपसर्ग से दो शब्द लिखिए –

प्रश्न 2 धार्मिक शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय व मूल शब्द लिखिए –

प्रश्न 3 'शाली' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए –

प्रश्न 4 निराकार शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग व मूल शब्द लिखिए–

प्रश्न 5 नीचे दिये गये मुहावरों का अर्थ बताते हुये वाक्य प्रयोग कीजिये –
कोल्हू का बैल, अंग – अंग ढीला होना, दुम दबाकर भागना

प्रश्न 6 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

उदार, थका – भाववाचक संज्ञा में बदलिए –

मोहन उसका भाई है । रेखांकित शब्द का संज्ञा–भेद लिखिए–

कवि पंडित – स्त्रीलिंग रूप लिखिए–

कार डीजल से चलती है। – रेखांकित में कारक बताइए–

प्रश्न 7 दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम का नाम बताइए –

क – वह अपना काम आप करता है

ख – क्या तुम्हारा नाम आकाश है ?

ग – वहाँ कोई खड़ा है ?

प्रश्न 8 निम्न समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए –

गजानन, नवग्रह, चौराहा, भाई–बहन

प्रश्न 9 नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिये –

(क) हीरा एवं मोती में गहरी दोस्ती थी, तर्क सहित उत्तर दीजिये ?

(ख) किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कर्मों से होती है। तर्क सहित उत्तर दीजिये।

(ग) कबीर के द्वारा ईश्वर को 'सब स्वाँसों की स्वाँस में' क्यों कहा गया है ?

प्रश्न 10 किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निबंध लिखिए –

1 बल श्रमिक :श्रमिक के रूप में उसकी दिनचर्या

2 भ्रष्टाचारः प्रस्तावना कारण अशिक्षा, प्रशासन के प्रयास, समाधान

3 प्रदूषण : प्रस्तावना, प्रदूषण के प्रकार और कारण, निवारण,उपसंहार ।

4 विज्ञापन : प्रस्तावना, वर्तमान दृश्य, उद्देश्य पूर्ति, प्रभाविकता, दोष, निश्कर्ष।

प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क – बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे?

ख – लेखिका ने अपनी नानी को कभी नहीं देखा फिर भी उनके व्यक्तित्व से किस तरह प्रभावित थी ?